News Letter

# मुक्त चिंतन

उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज

*उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा निर्गत अधिनियम संख्या 10,1999 द्वारा स्थापित*

**A Quarterly Bulletin of UP Rajarshi Tandon Open University , Prayagraj**


*हम पहुंचे वहां पहुंचा न कोई जहां*

15 जुलाई 2020



## मुक्त विश्वविद्यालय के क्षेत्रीय केन्द्र आगरा के अन्तर्गत आने वाने अध्ययन केन्द्र के प्राचार्य एवं समन्वयकों की ऑनलाइन कार्यशाला आयोजित




*कार्यशाला की अध्यक्षता करते हुए माननीय कुलपति प्रो0 कामेश्वर नाथ सिंह जी*

## प्रवेशार्थियों के लिए केंद्र पर कराएं अभिविन्यास कार्यक्रम-कुलपति

### क्षेत्रीय केन्द्र आगरा के समन्वयकों की ऑनलाईन कार्यशाला में बोले कुलपति

उ0प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय प्रयागराज के क्षेत्रीय केन्द्र आगरा के अन्तर्गत आने वाले अध्ययन केन्द्र के प्राचार्य एवं समन्वयकों की ऑनलाइन कार्यशाला का आयोजन दिनांक 15 जुलाई 2020 को आयोजित किया गया। इस अवसर पर **"दूरस्थ शिक्षा की समकालीन स्थिति एवं वर्तमान सत्र हेतु नियोजन"** विषय पर आयोजित कार्यशाला की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रो0 कामेश्वर नाथ सिंह जी ने की।

# ''दूरस्थ शिक्षा की समकालीन स्थिति एवं वर्तमान सत्र हेतु नियोजन'' विषय पर कार्यशाला आयोजित





*ऑनलाइन कार्यशाला में प्रतिभाग करते हुए आगरा क्षेत्रीय केन्द्र के अन्तर्गत आने वाले अध्ययन केन्द्रों के प्राचार्य/समन्वयकगण*

प्रतिवर्ष प्रत्येक क्षेत्रीय केन्द्र के अन्तर्गत आने वाले केन्द्रों की कार्यशाला प्रवेश, परीक्षाफल, अधिन्यास, पाठयसामग्री एवं सत्र की कार्यवृत्ति को लेकर हर वर्ष जुलाई माह मे आयोजित की जाती है। इसी कडी में आगरा क्षेत्रीय केन्द्र की आन लाइन कार्यशाला आज आयोजित की गयी। क्षेत्रीय केन्द्र समन्वयकों की कार्यशाला में प्रतिभाग कर रहे अध्ययन केन्द्रों के प्राचार्य/समन्वयकों एवं मा0 कुलपति प्रो0 कामेश्वर नाथ सिंह जी का स्वागत क्षेत्रीय केन्द्र आगरा की समन्वयक डॉ0 रेखा सिंह ने किया। आगरा क्षेत्रीय केन्द्र के प्रभारी निदेशक डॉ0 विनोद कुमार गुप्ता ने कार्यशाला के बारे में जानकारी दी। कार्यशाला के समापन पर संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन कार्यशाला के संयोजक डॉ0 गिरीश कुमार द्विवेदी ने किया।

## संचालन

कार्यशाला के संयोजक डॉ0 गिरीश कुमार द्विवेदी ने किया।








*संचालन करते हुए कार्यशाला के संयोजक डॉ0 गिरीश कुमार द्विवेदी*

# स्वागत

कार्यक्रम का प्रारम्भ मां सरस्वती को नमन करते हुये किया गया। क्षेत्रीय केन्द्र आगरा की क्षेत्रीय केन्द्र के प्राचार्यो एवं समन्वयक, डॉ0 रेखा सिंह ने मा0 कुलपति जी, अध्ययन केन्द्रों के प्राचार्यों, समन्वयकों, क्षेत्रिय केन्द्र के समन्वयकों, विश्वविद्यालय के अधिकारियों, निदेशकों, प्राध्यापकों एवं तकनीकी अधिकारियों का स्वागत किया।




माननीय कुलपति प्रो0 कामेश्वर नाथ सिंह जी




क्षेत्रीय केन्द्र समन्वयक, डॉ0 रेखा सिंह



परीक्षा नियंत्रक श्री डी.पी. सिंह






ऑनलाइन कार्यशाला में प्रतिभाग करते हुए आगरा क्षेत्रीय केन्द्र के अन्तर्गत आने वाले अध्ययन केन्द्रों के प्राचार्य/समन्वयकगण

# कार्यशाला के विषय में





डॉ विनोद कुमार गुप्त




कार्यशाला के बारे में जानकारी देते हुए क्षेत्रीय केंद्र आगरा के प्रभारी डॉ विनोद कुमार गुप्त ।







ऑनलाइन कार्यशाला में प्रतिभाग करते हुए आगरा क्षेत्रीय केन्द्र के अन्तर्गत आने वाले अध्ययन केन्द्रों के प्राचार्य/समन्वयकगण।

# अध्यक्षीय उद्‌बोधन

मा0 कुलपति जी को अध्यक्षीय उदबोधन के लिए सादर आमंत्रित किया गया।



कुलपति प्रोफेसर कामेश्वर नाथ सिंह

**प्रवेशार्थियों के लिए केंद्र पर कराएं अभिविन्यास कार्यक्रम-कुलपति**

दूरस्थ शिक्षा की समकालीन स्थिति एवं वर्तमान सत्र हेतु नियोजन विषय पर आयोजित कार्यशाला का उद्‌घाटन करते हुए कुलपति प्रोफेसर कामेश्वर नाथ सिंह ने कहा कि कोरोना महामारी के इस काल में ई- कंटेंट एवं ई-लेक्चर के माध्यम से शिक्षार्थियों को ऑनलाइन शिक्षा प्रदान की जाएगी। इसके लिए विश्वविद्‌यालय के योग्य शिक्षकों से गुणवत्तायुक्त पाठ्य सामग्री तैयार कराई जा रही है।

उन्होंने कहा कि प्रवेश के पश्चात छात्रों की समस्याओं के समाधान के लिए अभिविन्यास कार्यक्रम का आयोजन कराया जाये।

प्रोफेसर सिंह ने कहा कि शिक्षार्थियों को इस बार घर बैठे ऑनलाइन प्रवेश सुनिश्चित करने की सुविधा प्रदान की जा रही है। आगामी शैक्षणिक सत्र से पूर्व नियोजन के साथ ही पूर्ण नियोजन के द्‌वारा सभी शैक्षणिक गतिविधियों को लागू किया जाएगा।

कुलपति प्रोफेसर सिंह ने कहा कि अभी विश्वविद्‌यालय का सत्र विलंबित नहीं है। विश्वविद्‌यालय की परीक्षाएं अमूमन जून एवं जुलाई में संपादित कराई जाती हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षार्थियों को चिंतित होने की आवश्यकता नहीं है। परीक्षा के संबंध में आगामी सप्ताह में राज्य सरकार की गाइडलाइन के अनुरूप निर्णय ले लिया जाएगा। कुलपति प्रोफेसर सिंह ने कहा कि दूरस्थ शिक्षा माध्यम से अपने मनपसंद विषयों में छात्र ऑनलाइन प्रवेश ले सकते हैं। इस अवसर पर प्रोफेसर सिंह ने कहा कि केंद्रीय कारागार आगरा एवं केंद्रीय कारागार मथुरा में भी कैदियों को शिक्षा प्रदान करने के लिए मुहिम चलाई जाएगी। इसके पूर्व केंद्रीय कारागार नैनी, प्रयागराज में कैदियों को शिक्षा प्रदान करने के लिए मुक्त विश्वविद्‌यालय ने अपना अध्ययन केंद्र नैनी कारागार में स्थापित किया है।


## विचार विमर्श सत्र के पश्चात मा0 कुलपति प्रो0 कामेश्वर नाथ सिंह जी का पुनः उद्बोधन

# विचार विमर्श सत्र

प्रोफेसर कामेश्वर नाथ सिंह




इस अवसर पर कुलपति प्रोफेसर कामेश्वर नाथ सिंह ने सभी केंद्र समन्वयको से आग्रह किया कि वह अपने केंद्र के प्रांगण में न केवल एक-एक वृक्ष लगाएं वरन उस वृक्ष को गोद ले लें, जिससे पर्यावरण को संरक्षित एवं समृद्ध किया जा सके। उन्होंने विचार सत्र में विभिन्न अध्ययन केंद्रों के सुझाव एवं समन्वयकों की समस्याओं को सुना एवं सार्थक सुझाव को अमल में लाने एवं समस्याओं के शीघ्र निराकरण करने का आश्वासन दिया।





















*ऑनलाइन कार्यशाला में प्रतिभाग करते हुए आगरा क्षेत्रीय केन्द्र के अन्तर्गत आने वाले अध्ययन केन्द्रों के प्राचार्य/समन्वयकगण।*

# धन्यवाद ज्ञापन

कार्यक्रम के अन्त में कार्यशाला के संयोजक डॉ0 गिरीश कुमार द्विवेदी ने मा0 कुलपति जी, आयोजन समिति, अध्ययन केन्द्र के प्राचार्यो, समन्वयकों, विद्वतजनों, विश्वविद्यालय के अधिकारियों, निदेशकों, प्रभारियों, अध्यापकों एवं तकनीकी अधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।





*धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कार्यशाला के संयोजक डॉ0 गिरीश कुमार द्विवेदी*



धन्यवाद ज्ञापन के पश्चात राष्ट्रगान के लिए सभी को अपने–अपने स्थान पर खडे होने का आग्रह किया गया। राष्ट्रगान की समाप्ति के पश्चात कार्यशाला के समापन की घोषणा मा0 कुलपति जी के अनुमति से की गयी।